# खाटू वाले हम हैं तेरे सहारे | By Mamta Sharma

ओ खाटूवाले हम भी तेरे सहारे....2
शीश का तूने दान दिया है हारे के तुम सहारे
खाटूवाले ........हम भी तेरे सहारे

फँस जाये जब मझधार में नैया, बनता तू ही सहाई
अँधियारो में मिलता ना रस्ता तूने ही राह दिखाई
बांह पकड़ कर तू ही मेरा ले जाता है किनारे
खाटूवाले ........हम भी तेरे सहारे

तू ही करता चिंता मेरी तू ही प्यार लुटाता
तेरी कृपा से बाबा परिवार मेरा हँसता और मुस्कुराता
तेरा भार उतारू कैसे ओ मेरे पालनहारे
खाटूवाले ........हम भी तेरे सहारे

जबसे मिला है तू मुझ से बाबा मेरे तो हैं वारे न्यारे
तू ही मेरा जीवन तू ही मेरी पूजा ममता तेरे सहारे
तेरे नाम की बन के दीवानी आई हूँ तेरे द्वारे
खाटूवाले ........हम भी तेरे सहारे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0/